भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2107

12 फरवरी, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

सेंट्रल विस्टा परियोजना और एकीकृत केंद्रीय सचिवालय की स्थिति

+2107. श्री किशोरी लालः

श्री बापी हलदरः

प्रो. सौगत रायः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सेंट्रल विस्टा परियोजनाओं के निर्माण का ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) एकीकृत केन्द्रीय सचिवालय के लिए अब तक निर्मित भवनों का ब्यौरा क्या है;

(ग) राजपथ/कर्तव्य पथ पर मौजूदा सरकारी भवनों को गिराए जाने का ब्यौरा क्या है;

(घ) सेंट्रल विस्टा परियोजनाओं के पूरा होने की संभावित समय-सीमा क्या है;

(ङ) क्या सरकार प्रस्तावित एकीकृत केन्द्रीय सचिवालय में केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों को समायोजित कर सकती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) सेंट्रल विस्टा परियोजनाओं के निर्माण के लिए कुल कितनी धनराशि निर्धारित की गई है;

(छ) स्वीकृत परियोजनाओं की कुल संख्या में से पूरी की गई परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ज) प्रारंभ में परियोजना की कुल अनुमानित लागत कितनी थी और परियोजना-वार लागत में कितनी वृद्धि हुई है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख): सेंट्रल विस्टा परियोजनाओं के निर्माण कार्य की जानकारी और वर्तमान स्थिति तथा कॉमन केंद्रीय सचिवालय के लिए अब तक निर्मित भवनों का विवरण निम्नलिखित है:

कर्तव्य पथ का पुनर्विकास:	सितंबर 2022 में पूर्ण
नया संसद भवन:	मई 2023 में पूर्ण
उपराष्ट्रपति एन्क्लेव का निर्माण:	जून 2024 में पूर्ण
सीसीएस-3 का निर्माण:	अगस्त 2025 में पूर्ण
सीसीएस-1 और 2 का निर्माण:	फरवरी 2026 में पूर्ण
सीसीएस-6 और 7 का निर्माण :	निर्माण कार्य प्रगति पर है
सीसीएस-8 और 9 का निर्माण :	निर्माण कार्य प्रगति पर है
सीसीएस-10 का निर्माण :	निर्माण कार्य प्रगति पर है
नॉर्थ ब्लॉक बिल्डिंग का व्यापक संरक्षण, रेट्रोफिटिंग (युगे युगीन भारत संग्रहालय):	निर्माण कार्य प्रगति पर है
साउथ ब्लॉक बिल्डिंग का व्यापक संरक्षण, रेट्रोफिटिंग:	निविदा आमंत्रित
सीसीएस-4 और 5 का निर्माण:	निविदा आमंत्रित

(ग) आईजीएनसीए, रक्षा भवन, पूर्व उपराष्ट्रपति आवास और विज्ञान भवन एनेक्सी को ध्वस्त किया जा चुका है।

(घ) सेंट्रल विस्टा परियोजनाओं के पूर्ण होने की अनुमानित समय-सारणी-

सीसीएस-6 और 7 का निर्माण:	मार्च, 2027
सीसीएस-8 और 9 का निर्माण:	दिसंबर, 2027
सीसीएस-10 का निर्माण:	सितंबर, 2026
सीसीएस-4 और 5 का निर्माण:	अप्रैल, 2028
नॉर्थ ब्लॉक बिल्डिंग का व्यापक संरक्षण, रेट्रोफिटिंग (युगे युगीन भारत संग्रहालय):	अगस्त, 2027
साउथ ब्लॉक बिल्डिंग का व्यापक संरक्षण, रेट्रोफिटिंग:	मार्च, 2028

(ङ) प्रस्तावित कॉमन केंद्रीय सचिवालय भवन को दिल्ली में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों को समायोजित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

(च) स्वीकृत कुल राशि 13169.61 करोड़ रुपये है।

(छ) स्वीकृत परियोजनाओं में से पूर्ण की गई परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति-

कर्तव्य पथ का पुनर्विकास:	सितंबर 2022 में पूर्ण
नया संसद भवन:	मई 2023 में पूर्ण
उपराष्ट्रपति के एन्क्लेव का निर्माण:	जून 2024 में पूर्ण
सीसीएस-3 का निर्माण:	अगस्त 2025 में पूर्ण
सीसीएस- 1 और 2 का निर्माण:	फरवरी 2026 में पूर्ण

(ज) मूल रूप से स्वीकृत कुल राशि 12762.49 करोड़ रुपये थी। अब, संशोधित स्वीकृत राशि 13169.61 करोड़ रुपये है।

*****